भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1918

उत्तर देने की तारीख 11.12.2025

प्रधान मंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और ट्राइबल मार्केटिंग सेंटर

+1918. श्री कुंदुरु रघुवीर:

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को प्रधान मंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (पीएमडीएजेजीयूए) के तहत वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए तेलंगाना सरकार से एक व्यापक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जिसमें जनजातीय कल्याण स्कूलों और छात्रावासों के लिए मुख्य कार्य जैसे कि चारदीवारी, डॉर्मिटरी, डाइनिंग हॉल, रसोई शेड, जल भंडारण टैंकों, किचन-कम-डाइनिंग हॉल और अन्य बुनियादी ढांचे शामिल हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को लघु वन्य उत्पाद इकट्ठा करने वाले और जनजातीय कारीगरों की सहायता करने के लिए ट्राइबल मार्केटिंग और मेंटरिंग सेंटर (टीएमएमसी) स्थापित करने के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए अवलोकनों और प्रस्तुत अनुपालनों सहित वर्तमान मूल्यांकन स्थिति दर्ज की गई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या तेलंगाना द्वारा प्रस्तावित कुल राशि और तकनीकी रूप से व्यवहार्य पाए गए घटकों की पहचान की गई है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार का कितनी समय-सीमा में शिक्षण को सुदृढ़ बनाने के लिए निधि को मंजूरी देने और जारी करने का विचार है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क) प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (पीएम डीएजेजीयूए) जिसे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के नाम से जाना जाता है, एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों के समग्र विकास और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावासों और सामुदायिक सुविधाओं सहित जनजातीय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अवसंरचना संबंधी अंतरों को कम करना है।

जनजातीय कार्य मंत्रालय को तेलंगाना सरकार से निधियों के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। परियोजना मूल्यांकन समिति (पीएसी) के विचार के अनुसार, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा डीएजेजीयूए योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा इस प्रकार है:

प्रस्ताव का नाम	जारी राशि
जनजातीय छात्रावास/कक्षा-कक्ष/शिक्षक एवं स्टाफ क्वार्टर का निर्माण	₹77.94 करोड़
फर्नीचर एवं फिटिंग्स	
मौजूदा सुविधाओं की मरम्मत एवं नवीनीकरण	

(ख) जनजातीय कार्य मंत्रालय को जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्र (TMMC) स्थापित करने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, ताकि लघु वनोपज संग्राहकों और जनजातीय कारीगरों को विपणन संपर्क, कौशल विकास और मेंटरिंग सहायता प्रदान की जा सके। विवरण निम्नानुसार है:

- प्रस्तावित इकाइयों की संख्या: 02
- प्रस्तावित राशि: ₹200.00 लाख
- स्वीकृत इकाइयों की संख्या: 02
- PAC द्वारा स्वीकृत राशि: ₹200.00 लाख

(ग) तेलंगाना सरकार द्वारा प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (PM DAJGUA) के अंतर्गत वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए प्रस्तुत प्रस्तावों का मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया है।

(घ) सरकार को तेलंगाना सरकार से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और परियोजना मूल्यांकन समिति ने विभिन्न घटकों के लिए कुल ₹86.38 करोड़ की लागत को स्वीकृत किया है। विवरण निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष	प्रस्ताव की प्रकृति	राशि
2024-25:	क्षमता केंद्र की स्थापना (Centre of Competence)	3.48 करोड़ रूपये
2025-26:	i. जनजातीय स्कूलों, शौचालयों का निर्माण ii. शिक्षक और कर्मचारियों के क्वार्टरों का निर्माण iii. फर्नीचर और फिक्स्चर iv. मौजूदा सुविधाओं में सुधार और नवीनीकरण v. जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्रों (टीएमएमसी) की स्थापना vi. राज्य और जिला स्तर पर वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) प्रकोष्ठ को सुदृढ़ करना vii. आशा मानदेय और एससीडी जागरूकता	82.90 करोड़ रूपये

(ङ) स्कीम दिशानिर्देशों, जीएफआर 2017 नियमों में निर्धारित मानदंडों के अनुसार और वित्त मंत्रालय के समय-समय पर दिए गए निर्देशों के अनुसार राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को निधि जारी की जाती है।

*****